फाल्गुन कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 28 फरवरी 2025
वर्ष 6, अंक 99, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार



## एसआरएमएस क्रिकेट अकेडमी, ठेकेदार इलेवन के बीच होगा फाइनल

**बरेली, अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें सीजन के नौवें दिन बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल मैच खेले गए।

पहले सेमी फाइनल में ठेकेदार इलेवन ने आईके कलेक्शन बरेली को 42 रन से हराया। तीन विकेट लेने वाले ठेकेदार इलेवन के गेंदबाज विशाल सिंह चौधरी को मैन आफ द मैच चुना गया। दूसरे सेमीफाइनल में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने आईके कलेक्शन एसजी कैंट बरेली को 30 रन से हराया। 21 गेंदों पर तीन छक्के और सात चौकों की मदद से 54 रन बनाने वाले एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के अभिषेक को मैन आफ द मैच चुना गया। शनिवार को ठेकेदार इलेवन और एसआरएमएस क्रिकेट अकेडमी के बीच फाइनल खेला जाएगा। विजेता टीम को एक लाख रुपये और उपविजेता को 51 हजार का पुरस्कार मिलेगा। मैन ऑफ द सीरीज रहने वाले खिलाड़ी को 51 सौ रुपये और फाइनल में मैन ऑफ द मैच बनने वाले खिलाड़ी को 11 सौ रुपये का इनाम दिया जाएगा।